**अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन की अध्यक्षता में दिनांक 08.04.2026 को "हर खेत तक सिंचाई का पानी" योजनान्तर्गत अपूर्ण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

---

अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, डिहरी/भागलपुर/गया/नालंदा, बिहारशरीफ परिक्षेत्र को निर्धारित "हर खेत तक सिंचाई का पानी" कार्यक्रम अन्तर्गत संयुक्त निरीक्षण के तहत चयनित योजनाओं (फेज–1) एवं संयुक्त निरीक्षण के अतिरिक्त चयनित योजनाओं (फेज–2 एवं फेज–3) की प्रगति की समीक्षा की गयी।

**मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, गया :–**

- पूर्वी सोन उच्चस्तरीय नहर से निःसृत फरीदपुर वितरणी के 8.32 कि०मी० से 14.20 कि०मी० तक पुनर्स्थापन एवं 14.20 कि०मी० से 23.63 कि०मी० तक निर्माण कार्य के साथ–साथ संरचनाओं का आधुनिकीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि संरचनाओं के निर्माण कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी एवं असंतोषजनक है। समीक्षा के दौरान संवेदक द्वारा पेट्रोल पंप पर सीमित मात्रा में पेट्रोल उपलब्ध होने को विलंब का कारण बताया गया, जिस पर समीक्षी पदाधिकारियों द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य के प्रति लापरवाही पर कड़ी आपत्ति दर्ज की गई। इस क्रम में कार्यपालक अभियंता एवं संबंधित संवेदक को उक्त योजना के सभी कार्यों को निर्धारित समय–सीमा दिनांक 15 अप्रैल, 2026 तक हर हाल में पूर्ण करना सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया, यदि संवेदक द्वारा कार्य के प्रति शिथिलता बरती जा रही है तो संवेदक के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। विफलता की स्थिति में सारी जिम्मेदारी कार्यपालक अभियंता, सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल कुर्था की होगी।

**(कार्रवाईः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, गया/अधीक्षण अभियंता, उत्तर कोयल नहर अंचल, गया/कार्यपालक अभियंता, सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल, कुर्था/संवेदक)**

**मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, डिहरी**

- मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, डिहरी द्वारा परिक्षेत्राधीन 'हर खेत तक सिंचाई का पानी' कार्यक्रम अंतर्गत अपूर्ण योजनाओं की अद्यतन प्रगति निम्नवत् बताया गया :–
  - ➢ बक्सर शाखा नहर एवं इससे निःसृत वितरण प्रणालियों का पुनर्स्थापन कार्य पूर्ण करा लिया गया है।
  - ➢ जैतपुरा पम्प नहर योजना अंतर्गत वितरणी सं०–01 के जलवाहा ओर०आर०–01 से निःसृत फिल्ड चैनल का निर्माण कार्य तथा जैतपुरा पम्प नहर योजना अंतर्गत वितरणी सं०–01 के जलवाहा ओ०एल०–01 से निःसृत फिल्ड चैनल का निर्माण कार्य को Foreclose करने हेतु प्रस्ताव प्राप्त हो गया है। शीघ्र ही Foreclosure संबंधी आदेश संसूचित कर दिया जायेगा।

➢ डुमरांव शाखा नहर एवं इससे निःसृत वितरण प्रणालियों का पुनर्स्थापन कार्य में कार्य की प्रगति 90 प्रतिशत है तथा दिनांक 15.04.2026 तक अवशेष कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा।

निदेश दिया गया कि पूर्ण योजनाओं का पूर्णता संबंधी प्रमाण–पत्र अविलंब मुख्यालय को उपलब्ध करायी जाय एवं योजनाओं के Foreclosure किये जाने संबंधी कार्रवाई शीघ्र प्रारंभ करते हुए सप्ताह के अंदर आदेश संसूचित किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, डिहरी को निदेश दिया गया कि डुमरांव शाखा **नहर के कार्यों को व्यक्तिगत रूची लेकर अपने स्तर से स्थल का निरीक्षण एवं प्रतिदिन** अवशेष कार्यों की प्रगति का अनुश्रवण करते हुए दिनांक 15.04.2026 तक हर हाल में पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।

उक्त अवधि तक कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में दोषी पदाधिकारियों को चिन्हित कर नियमानुकूल कार्रवाई किया जाय।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, डिहरी / अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, भभुआ / अधीक्षण अभियंता, सोन बराज अंचल, डिहरी / कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, बिक्रमगंज / कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, बक्सर / कार्यपालक अभियंता, जमानियाँ पम्प नहर प्रमंडल, मोहनियाँ / संबंधित संवेदक)**

**मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुरः–**

- योजना की समीक्षा के क्रम में मुख्य अभियंता द्वारा बताया गया कि हर खेत तक सिंचाई का पानी कार्यक्रम के तहत परिक्षेत्राधीन मात्र एक अदद योजान ईकोरिया वीयर का पुनर्स्थापन कार्य का कार्य शेष है। योजना कार्य की भौतिक प्रगति 94 प्रतिशत है। चन्दन डैम का गेट जाम रहने के फलस्वरूप नदी में जल का बहाव जारी होने के कारण इस वीयर के Undersluice portion में PCC/RCC कार्य शेष है। वर्तमान में नदी में जल का बहाव कम हुआ है एवं संवेदक को कार्य प्रारंभ करने हेतु निदेशित किया गया है। अवशेष कार्य को एक सप्ताह में पूर्ण करा लिया जायेगा। कार्य की वित्तीय प्रगति 73 प्रतिशत रहने के संबंध में पृच्छा के क्रम में मुख्य अभियंता द्वारा बताया गया कि वास्तवित स्थिति के अनुसार कार्य की लागत राशि एकरारित राशि से कम होने कारण वित्तीय प्रगति कम परिलक्षित हो रही है। साथ ही एकरारनामा अंतर्गत विचलन की स्वीकृति अपेक्षित है।

निदेश दिया कि अविलंब कार्य प्रारंभ कर अवशेष कार्यों को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा कर भौतिक प्रगति के अनुरूप वित्तीय प्रगति सुनिश्चित किया जाय।

**(कार्रवाईः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर / अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, भागलपुर / कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, बांका / संवेदक)**

**मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, नालंदा, बिहारशरीफ :-**

- योजना की समीक्षा के क्रम में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, नालंदा, बिहारशरीफ द्वारा बताया गया कि हर खेत तक सिंचाई का पानी कार्यक्रम के तहत परिक्षेत्राधीन मात्र एक अदद् योजना कनक बिगहा सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार कार्य किया जा रहा है, जिसकी भौतिक प्रगति 82 प्रतिशत है। योजना में आ रहे व्यवधान (भू-अर्जन) को देखते हुए कार्य को 84 प्रतिशत तक पूर्ण की जायेगी।

**(कार्रवाई:- मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, नालंदा, बिहारशरीफ/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, नालंदा, बिहारशरीफ/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, जहानाबाद/संवेदक मे० छोटिया कंस्ट्रक्शन प्रा० लि०, पूर्वी गाँधी मैदान, जहानाबाद-804408)**

13.04.26
(अनवर जमील)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांक : पी०एम०सी०-03(टी०)ए०-12/2024- 784 पटना, दिनांक : 13/04/26

प्रतिलिपि : मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, डिहरी/भागलपुर/गया/नालंदा, बिहारशरीफ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि अपने स्तर से कार्यवाही की प्रति संबंधित पदाधिकारियों एवं संवेदक को उपलब्ध कराते हुए अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

13.04.26
(अनवर जमील)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांक : पी०एम०सी०-03(टी०)ए०-12/2024- 784 पटना, दिनांक : 13/04/26

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, सिंचाई योजना एवं मोनिटरिंग अंचल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13.4.26
(अनवर जमील)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांक : पी०एम०सी०-03(टी०)ए०-12/2024- 784 पटना, दिनांक : 13/04/26

प्रतिलिपि : प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

13.04.26
(अनवर जमील)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांक : पी०एम०सी०-03(टी०)ए०-12/2024- 784 पटना, दिनांक : 13/04/26

प्रतिलिपि : माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग, बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

13.04.26
(अनवर जमील)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन